# वीयू–स्वतंत्रता का महोत्सव मनाया गया




दिनॉक 15/08/205 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में जबलपुर में स्वतंत्रता के गर्व का महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वाँ वर्षगांठ समारोह हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। माननीय कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा ने ध्वजारोहण किया व एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई तत्पश्चात नानाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर माननीय कुलगुरुजी ने अपने उद्बोधन भाषण में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और विश्वविद्यालय की एक वर्ष की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया तथा इसी जोश और उमंग से विश्वविद्यालय, प्रदेश तथा देश हित में कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर तथा पशु पत्रोपाद्धि के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारीयों ने देश भक्ति के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वि.वि. प्रभारी कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी, विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण जबलपुर वेटनरी कॉलेज, फिशरी कॉलेज व पत्रोपद्धि, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त प्राध्यापकगण, छात्र–छात्राएं तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मंच संचालन उप कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा द्वारा किया गया।




सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर